**खबर संक्षेप**

## ससुरालियों पर बहू को प्रताड़ित करने का केस दर्ज

**पानीपत।** शहर में पति और सास ने बहू पर दहेज में कैश के लिए जुल्म किया। ढाई साल पहले शादी हुई लेकिन पति के दूसरी महिला से संबंध और सास के अनैतिक कामों का विरोध करना महिला को भारी पड़ गया। ससुरालियों ने बहू को घर से निकाल दिया। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में एक महिला ने बताया कि उसकी शादी सितंबर 2021 में नीरज निवासी दत्ता कॉलोनी के साथ हुई थी।

## आयुष्मान मरीजों को इलाज मुहैया करवा रहा अस्पताल

**पिहोवा।** मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना जरूरतमंदों के लिए लाभदायक ही नहीं बल्कि जीवनदान साबित हो रही है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए पिहोवा के कई अस्पताल आयुष्मान योजना के तहत पंजीकृत है। लेकिन अनेक बीमारियों से पीड़ित मरीजों के सफल इलाज एवं पहली पसंद के चलते सरस्वती मिशन अस्पताल अग्रणीय श्रेणी में है। सरस्वती मिशन अस्पताल के निदेशक डॉ. सुदर्शन चुघ ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि अस्पताल में पिछले तीन मास में लगभग 1250 अनेक बीमारियों से पीड़ित मरीजों के आपरेशन व इलाज किया गया।

## ओपी जिंदल लौह पुरुष व कर्मवीर थे : राजेश

**थानेसर।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा, महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) एवं अग्रोहा धाम वैश्य समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों ने स्टील मैन ओपी जिंदल की 19वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित उपरांत कुरुक्षेत्र में अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के महासचिव राजेश सिंगला ने कहा कि ओपी जिंदल लौह पुरुष थे व कर्मवीर थे।

### राजाखेड़ी के कैंप में एकत्रित हुआ 66 यूनिट रक्त

# रक्तदान सबसे अधिक पुण्य का कार्य : सुदेश कुमार शर्मा

- हम न केवल अपनों की बल्कि अंजान लोगों की भी जान बचा सकते है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। रक्तदानियों को सम्मानित करते अतिथिगण साथ हैं आयोजक।

महावीर भारत समाज और नेशनल सोशल ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से आज रक्तदान शिविर व सम्मान समारोह का आयोजन नीम वाली चौपाल में जैन संत रोहित मुनि जी श्रेयांश मुनि जी व रजत मुनि जी ठाणे 3 की प्रेरणा स्वरुप किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि सुदेश कुमार शर्मा डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज व विशिष्ट अतिथि प्रतीक जैन सीजेएमकमसेक्रेटरी डीएलएसए आदित्य जैन सिविल जजकमजेएमआईसी पानीपत व समाजसेवी हरपाल ढांडा जिला बार एसोसिएशन पानीपत के प्रधान अमित कादियान पूर्व पार्षद विजय जैनएसंजय ठाकुर व सविता आर्य ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर व प्रशिस्त पत्र देकर हौसला बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान करना सबसे पुण्य का कार्य है। इससे हम न केवल अपनों की बल्कि अंजान लोगों की जान भी बचाते हैं। रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी नहीं आती और दूसरों को भी प्रेरणा मिलती है। अतरू हमें समय समय पर रक्तदान जरूर करना चाहिए। इससे पहले सभी अतिथियों ने जैन स्थानक राजाखेड़ी में जैन गुरुओं के प्रवचन में मंगल आशीर्वाद लिया। जिसमे रोहित मुनि जी महाराज ने सभी को जीवन में हंसते रहने की प्रेरणा दी ताकि जीवन में खुशियों का आगमन बना रहे। जैन समाज की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिविर में 66 रक्त यूनिट एकत्रित किया गया। सिविल अस्पताल करनाल से डॉ. संजय वर्मा की टीम ने शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर में संजय जैन ज्यूडिशियरी डिपार्टमेंट सुशील जैन शिक्षक बोधराज कैंडी श्योराण राजेश मलिक राकेश मलिक गौरव जैन टिंकू मलिक हरिदत्त शर्मा विजेंदर जैन राजेश जैन जिला महामंत्री अग्रवाल समाज जगबीर मलिक वीरेंद्रएरनवीर मलिक कुलदीप मलिक संजय जैन संदीप जैनएदेव मलिक गोलू श्योराण ईशु जैन आशीष जैन संदीप मलिक बिजेन्दर मलिक प्रदीप मलिक प्राण मलिक सुरेश संदीप विनोद आदि ने योगदान दिया।

## किराएदार पर मकान मालिक के घर से चोरी का आरोप

- पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया

**पानीपत।** शहर की न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 4 माह से किराए पर रह रहे तहसील कैंप के पति पत्नी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दरअसल मकान मालिक अपनी ससुराल गया हुआ था। वापस लौटा तो उसे अलमारी से कैश गायब मिला। पड़ोस में पूछताछ से खुलासा हुआ कि आरोपी युवक चाबी लगाने वाले को लेकर आया था। लेकिन उसने ताला नहीं खोला था। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। चांदनी बाग थाना पुलिस को दी शिकायत में संजीव कुमार ने बताया कि वह न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का रहने वाला है तथा वह कबाड़ी का काम करता है। वह मकान में नीचे रहता है।

जबकि पहली मंजिल पर करीब 4 माह से किराए पर रोहित ग्रोवर निवासी पटेल नगर तहसील कैंप अपनी पत्नी सिमरन के साथ किराए पर रहता है।

गत 29 मार्च की शाम 5 बजे वह अपने बच्चों को लेकर ससुराल रेरकलां गांव चला गया था।



पानीपत। बैठक में अपने विचार प्रकट करते वक्ता । फोटो :हरिभूमि

## भाजपा की जन विरोधी नीतियों का प्रचार करेगी भाकपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में भाजपा एवं उसके सहयोगियों को हराने के लिए जनता के बीच जायेगा और मोदी सरकार की ज न वि रो धी ए सं वि धा न विरोधीएलोकतन्त्र विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रचार प्रसार करेगा। यह निर्णय आज भगत सिंह स्मारक सभागार में सम्पन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की हरियाणा राज्य कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता डा.नीलम संधु ने की और सीपीआई के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप ने वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा की। कामरेड कश्यप ने कहा कि हमारी पार्टी की स्पष्ट समझ है कि भाजपा आरएसएस की सरकार देश की मेहनतकश जनता के अधिकारों पर हमले कर रही है और जनता से किए गए वायदों को पूरा करने के बजाए जुमला बता कर जनता से धोखा कर रही है। वहीं राज्य चुनावी रणनीति तय करने के लिए 13 अप्रैल को नरवाना में सीपीआई की हरियाणा राज्य कौंसिल की विस्तृत बैठक आयोजित करने ऊससे पहले सभी जिलों में कार्यकर्ताओं की मीटिंग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सत्येन्द्र गिरि मामचंद सैनी हरभजन सिंह संधुए पवन कुमार सैनीए मनीराम बेलरखाए नीलम संधुए जयनारायण समौराए ओमप्रकाश शर्मा राम रतन एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## साथियों सहित दिल्ली रैली में पहुंचे महीपाल सूबेदार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

कांग्रेस नेता महीपाल सुबेदार अपने निवास भावना चौक पर आज सैकड़ों साथियों की साथ इकठा होकर कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी पूर्व मुख्यमंत्री चौ.भूपेंद्र सिंह हुड्डा प्रदेश अध्यक्ष उदय भान दीपक बावरिया के आह्वान पर इंडिया गठबंधन की ओर से दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित महारैली में पहुंचे। सूबेदार महीपाल ने बताया कि मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन के नेताओं द्वारा लिया गया। इस मौके पर सूबेदार प्रजापत सुधीर शर्माए बिसंबर गुर्जर बलवान शर्माए चंद्र श्याम शर्माए समीम अली व माण्राजेश आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## चैयरमैन अशोक कुच्छल को सरंक्षक मनोनीत किया

- अध्यक्ष अशोक कुच्छल का फूल मालाओं से पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



पानीपत। संरक्षक बनाए गए चेयरमैन अशोक कुच्छल को पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते समिति के सदस्य । फोटो :हरिभूमि

शहर के एक मात्र गोल्डन पार्क में आस पास से ही नहीं बल्कि दूर दराज से भी प्रातरू व सांय के समय भ्रमण के लिए लोग आते हैं। ऐसे में पार्क के रख रखाव के लिए स्थानीय निवासियों द्वारा गोल्डन पार्क योग समिति बनाई गई है। जिसके प्रधान राजेन्द्र वर्मा उप प्रधान संदीप कुमार खजांची राकेश कक्कड़ सचिव अश्वनी जांगडा सहित करीब 20 अन्य सदस्यगण हैं। वहीं उप प्रधान संदीप कुमार ने बताया कि नेशनल हाइवे स्थित 70 माइल स्टोन ढाबा पर सभी पदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थिति में पगड़ी पहनाकर समिति में अशोक कुच्छल को सरंक्षक पद पर सर्वसम्मति से निर्विरोध मनोनीत किया गया। इसे पूर्व योग समिति सदस्यों के द्वारा अध्यक्ष अशोक कुच्छल का फूल मालाओं से पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। वहीं नवनियुक्त सरंक्षक एवं नगरपालिका चेयरमैन अशोक कुच्छल ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा दिए गए दायित्व को पूरी ईमानदारी से निर्वहन करते हुए पार्क के रखरखाव में विशेष सहयोग व अहम भूमिका अदा की जाएगी। अशोक कुच्छल ने बताया कि बीती 4 फरवरी को शमशेर निवासी नारायणा नरेश कुमार सहित आस पास के शरारती तत्वों द्वारा साठगांठ कर नगर पालिका समालखा की धरोहर लाखों रुपये के करीब 20 हरे पेड़ों को काट कर यूपी में बेच दिया। उक्त आरोपियों के खिलाफ सचिव नगर पालिका के द्वारा पुलिस चौकी समालखा में लिखित शिकायत दी गई है जिस पर पुलिस का गैर जिम्मेदाराना रवैया देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस द्वारा उक्त शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं होती है तो शीघ्र ही पुलिस के उच्च अधिकारियों से मिलकर कार्यवाही के संबंधित लिखा जाएगा।

## संपदर्श से गई महिला की जान

**पानीपत।** शहर की एक कॉलोनी के घर में एक महिला को सांप ने काट लिया। महिला जमीन पर गिर गई और अचेत हो गई। उसके मुंह से झाग आने लगे। आननफानन में परिजन उसे तुरंत सिविल अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पंचनामा भरवा कर शवगृह में रखवाया गया है। जानकारी देते हुए श्रीपाल ने बताया कि वह मूल रूप से यूपी के बदायुपुर का रहने वाला है। सास राजकुमारी परिवार सहित शहर की वधावाराम कॉलोनी में रहती थी। शनिवार की रात को वह अपने बच्चों के साथ घर में खाना खा रही थी। अचानक खाना खाते हुए वह बेहोश होकर नीचे गिर गई। उसकी सांस चल रहे थे जिस पर उसे तुरंत सिविल अस्पताल लेकर गए तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## गांव जलमाना में बुजुर्ग का 105वां जन्मदिन मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

गांव जलमाना में डा. प्रेम चंद बोहरीया व उसके परिवार द्वारा अपने पिता धर्म सिंह का 105वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने आ कर धर्म सिंह को 104 वर्ष पूरे होने पर शुभ कामनाएं दी और उस बुजुर्ग से आशीर्वाद प्राप्त किया। मंच का संचालन आनंद आर्य द्वारा किया गया। सबसे पहले गुरु रविदास समाज कल्याण सभा जी टी रोड समालखा के प्रधान रामपाल कारकोली एवं कार्यकारिणी द्वारा पगड़ी पहना कर अभिनंदन किया। धर्म सिंह के बड़े पुत्र जयनारायण ने भी अपने पिता जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। जन्मदिन समारोह में काफी गणमान्य व्यक्तियों ने धर्म सिंह को शुभ कामनाएं दी और आशीर्वाद प्राप्त किया।



पानीपत। बुजुर्ग धर्म सिंह को सम्मानित करते हुए कर्ण सिंह पसीना व अन्य। फोटो :हरिभूमि

समारोह में समालखा के पूर्व विधायक रविन्द्र मच्छरोली ने धर्म सिंह को नोटों की माला पहनाकर सम्मानित किया व जिला उपायुक्त डा. वीरेंद्र कुमार दहिया एवं एसडीएम समालखा अमित कुमार व गुजर सभा के जिला प्रधान कर्णसिंह पसीना ने भी अभिनंदन किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।

## अमर ज्योति स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया

- समारोह में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी
- अभिभावकों को कार्यक्रम सफल बनाने पर बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। रुवार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देने वाले बच्चों के साथ अतिथिगण । फोटो :हरिभूमि

भारत नगर स्थित अमर ज्योति पब्लिक स्कूल में आज वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एडीएम अमित कुमार समालखा रहे। समारोह में बच्चों द्वारा एक से बढ़ एक प्रस्तुति दी गयी। वहीं अमर ज्योति स्कूल के संस्थापक अमर सिंह कादियान सुरेंदर अहलावत अध्यक्ष सर्व जातीय पंचायत ने कल घोषित परीक्षा परिणाम में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्या सुमन लता कादियान ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अभिभावकों को कार्यक्रम सफल बनाने पर बधाई दी। इस अवसर पर बिजेंद्र वकील बलविंदर कादियानए डा. जगबीर कादियानए सिद्धांत कादियान व जयदीप आदि मौजूद रहे।

## विदेश भेजने के नाम पर युवक से 2 लाख 90 लाख की ठगी

**पानीपत।** जिले के गांव ऊंटला के रहने वाले एक युवक के साथ विदेश भेजने के नाम पर ठगी हो गई। हिमाचल प्रदेश और गाजियाबाद के दो जानकारों ने उससे 2 लाख 90 हजार रुपये एडवांस ले लिए। इसके बाद उसे फर्जी पासपोर्ट थमा दिया। जिससे ठगी का खुलासा हुआ। अब उनसे रुपए वापस मांगे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। ठगी और जान से मारने की धमकी की शिकायत एसपी को दी गई। एसपी ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में सचिन ने बताया कि वह गांव ऊंटला का रहने वाला है। वह प्राइवेट नौकरी करता है। वह पहले विदेश जा चुका है। इसी नाते साल 2022 में उसकी मुलाकात अजय संगल निवासी गांव बनी खास तहसील बड़सर जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश व मोहित अग्रवाल निवासी गाजियाबाद के साथ हुई थी। दोनों ने उसे कहा था कि वे विदेश भेजने का काम करते हैं। इसके बाद उन्होंने उसे माल्टा सेनिगन जोन में 3 महीने के भीतर भेजने की बात कही। जिसका उन्होंने 5 लाख रुपये का खर्चा बताया। युवक उनकी बातों पर यकीन कर बैठा और 2 मई को उसने 40 हजार अपने खाते से ट्रांसफर किए। 1 अक्टूबर को पिता बलदेव के खाते से 2 लाख रुपये दिए। इसके बाद 50 हजार रुपये कैश दिए। उक्त राशि लेने के बाद ठगों ने उसे उसका पासपोर्ट व वीजा दे दिया।

## जीटी रोड पर छबील का शुभारंभ

- छबील का शुभारंभ अशोक शर्मा द्वारा किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

धर्म प्रमार्थ सभा व पानीपत आटो यूनियन द्वारा आज से जीटी रोड स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पास पानी की छबील का शुभारंभ कर दिया गया। छबील का शुभारंभ अशोक शर्मा द्वारा किया गया। यूनियन के प्रधान संजय शर्मा ने कहा कि आने वाले गर्मी के समय में यहां पर लोगों को यहां पर पीने के लिए ठंडा पानी उपलब्ध होगा। इस अवसर पर करतार मिटानए बिल्लू पालीवालए मोहितए विकास मिटानए सतीश सेवादारए राजूए अश्वनीए नरेशएगगनए कश्मीर व संदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।



पानीपत। धर्म प्रमार्थ व पानीपत आटो यूनियन द्वारा शुरू की गई छबील पर सेवा करते सेवादार। फोटो :हरिभूमि



पानीपत। भजन सुनती ब्लॉक की संगत। फोटो :हरिभूमि

## एमएसजी भंडारे की खुशी में हुई ब्लॉक स्तरीय नाम चर्चा

**पानीपत।** पानीपत के ब्लॉक पानीपत की साध संगत ने वार्ड 11 के महावीर मंदिर में एमएसजी गुरुमंत्र भंडारा के उपलक्ष्य में ब्लॉक स्तरीय नामचर्चा की। नामचर्चा की शुरुआत ब्लॉक प्रेमी धर्मपाल ढींगड़ा इन्सां ने धन धन सतगुरु तेरा ही आसरा लगाकर व एमएसजी गुरुमंत्र भंडारा की बधाई देकर की। नाम चर्चा में कविराज भाइयों ने पवित्र ग्रंथ से शब्द लगाकर साध संगत को निहाल किया। जिसमें ब्लॉक की संगत ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रदेश के 85 मेम्बर सदस्य रमेश ढींगड़ा व अंजू कथूरिया ने बताया कि इस कलयुग के समय में ज्यादा से ज्यादा समय सतगुरु की भक्ति में लगाना चाहिए। चलते फिरते बैठते काम धंधा करते हर समय सिमरन करते रहना चाहिए।

## सदानंद स्कूल में विद्यार्थी सम्मानित

- विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

कृष्णपुरा स्थित सदानंद बाल विद्या मंदिर सीसे स्कूल में सभी कक्षाओं का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। प्रधानाचार्य सुधा आर्य ने सभी कक्षाओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्कूल मैनेजर राकेश सैनी ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दी तथा आगामी सत्र में नए उत्साह एवं ऊर्जा के साथ अध्ययन के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों ने संपूर्ण विद्यालय परिवार को उनके अथक प्रयासों सहयोग व उच्चतम परीक्षा परिणाम के लिए धन्यवाद दिया।



पानीपत। पहले तीन स्थानों पर रहे विद्यार्थी अपने पुरस्कारों के साथ। फोटो :हरिभूमि

## परी जांगड़ा ने पाया कक्षा 11 में दूसरा स्थान

- परी जांगड़ा की इस उपलब्धि पर परिजनों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। परी जांगड़ा को सम्मानित करते प्रधानाचार्य व अन्य ।

शनिवार को घोषित हुए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तहसील कैंप में 11जी कक्षा कॉमर्स में परी जांगड़ा ने सेकंड डिवीजन हासिल की। प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। परी की इस उपलब्धि पर परिजनों में भी खुशी की लहर है।

## गोष्ठी में जवाहर लाल शर्मा की पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



अंकन साहित्यिक मंच की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन आज कार्य कॉलेज में हुआ। इसकी अध्यक्षता डॉ. कमर रईस सोनीपत ने की। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि जवाहर लाल शर्मा व सुभाष भाटिया रहे। मंच संचालन कमलेश कुमार पालीवाल कमल ने किया। वहीं जवाहरलाल शर्मा की चौथी पुस्तक भारत अतीत से आज का विमोचन भी किया गया। मंच के संरक्षक डॉ. एपी जैन ने बताया की जवाहर शर्मा एमएएमएड हैं। तीन शिक्षण संस्थाओं के संस्थापक हैं। बहुत सारे राजकीय व राष्ट्रीय स्तर के अलंकरणों से सम्मानित हैं। अंकन साहित्यिक मंच के संयोजक रहे हैं। उन्होंने विश्व के उत्कृष्ट वैज्ञानिक 2 भाग तथा साहित्य साधना भी लिखी। इस अवसर पर डॉ. एपी जैन सुभाष भाटिया कमलेश कुमार पालीवाल कमल जवाहर लाल शर्मा कवि मनोज मधुरभाषी शकील चठेड़ी गुलशन सपड़ा भारत भूषण वर्मा नरेश लाभ डॉ. सुरेंद्र टुटेजा धर्मेंद्र अरोड़ा मुसाफिरए डॉ. कंचन प्रभातीए अनिल गहलोत अनूपिंदर सिंह अनूप महाबीर गोयल पट्टीकल्याणा अशोक वशिष्ठ करनाल रमेश चंद्र पुहाल नीरज शर्मा नरेश गंभीर मकर सिंह मित्रोलिया जय श्री कृष्णा कौशल पुनीत कौशल अपनी प्रस्तुतियां दी।

